पत्रांक–भवन–12 / अभि0प्र0(यो0)–02–विविध–09 / 2026 ..... 10499 बा

बिहार सरकार
भवन निर्माण विभाग

प्रेषक,

सुरेश प्रसाद प्रभाकर,
अभियंता प्रमुख–सह–
अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव,
भवन निर्माण विभाग, बिहार पटना।

सेवा में,

सभी मुख्य अभियंता (विद्युत सहित),
भवन निर्माण विभाग, बिहार पटना।

पटना, दिनांक..... 5/11/26.

विषयः– बिहार विधान परिषद की पर्यावरण एवं प्रदूषण नियंत्रण समिति की बैठक हेतु प्रतिवेदन उपलब्ध कराने के संबंध में।

प्रसंगः– विभागीय पत्र ज्ञापांक–10462, दिनांक–04.11.2026 एवं बिहार विधान परिषद सचिवालय का पत्रांक–1636, दिनांक–30.10.2026

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्रों (छायाप्रति अनुलग्नक सहित संलग्न) के संबंध में कहना है कि बिहार विधान परिषद की पर्यावरण एवं प्रदूषण नियंत्रण समिति की बैठक दिनांक–06.11.2026 (शुक्रवार) को पूर्वाह्न 11:00 बजे आयोजित की गयी है, जिसमें अद्योहस्ताक्षरी को भाग लेना है।

अतः उक्त के आलोक में निदेश दिया जाता है कि उक्त बैठक में प्रतिवेदन के साथ ससमय भाग लेना सुनिश्चित किया जाय।

अनु0–यथोक्त।

विश्वासभाजन,

5.11.26

(सुरेश प्रसाद प्रभाकर)
अभियंता प्रमुख–सह–
अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव।

O/C

(५०)

बिहार सरकार
भवन निर्माण विभाग

पत्रांकः–भवन / समन्वय / वि0प0 / समिति–01 / 2026..... /

प्रेषक,

राजेश कुमार सिंह,
सरकार के अपर सचिव,
भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

सेवा में,

उप सचिव,
बिहार विधान परिषद् सचिवालय, पटना।

पटना, दिनांकः–

विषयः– बिहार विधान परिषद् की पर्यावरण एवं प्रदूषण नियंत्रण समिति की बैठक के संबंध में।

प्रसंगः– बिहार विधान परिषद् सचिवालय का पत्रांक–1636(6) दिनांक–30.10.2026

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संबंध में कहना है कि सचिव, भवन निर्माण विभाग की अन्य कार्यक्रमों में व्यस्तता के कारण दिनांक–06.11.2026 (शुक्रवार) को पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 01:00 बजे तक बिहार विधान परिषद् के विस्तारित भवन स्थित समिति कक्ष सं०–एफ–27, पटना में बिहार विधान परिषद् की पर्यावरण एवं प्रदूषण नियंत्रण समिति की निर्धारित बैठक में विभाग की ओर से भाग लेने हेतु श्री सुरेश प्रसाद प्रभाकर, अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को प्राधिकृत किया जाता है।

विश्वासभाजन

ह0 / –
(राजेश कुमार सिंह)
सरकार के अपर सचिव।
पटना, दिनांकः– 4/11/26

ज्ञापांकः– 10462 (अ)

प्रतिलिपिः– श्री सुरेश प्रसाद प्रभाकर, अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं निर्धारित बैठक में भाग लेने हेतु प्रेषित।

अनु०:– प्रासंगिक पत्र की छायाप्रति।

सरकार के अपर सचिव।

प्रतिवेदन भेजा जाएगा
बैठक में

7356 अनु०
05/11/26
पुनः प्राप्त
श्री ज्योति
Kundan
05/11/26

(39)

1636-6

पत्रांक-वि प.पर्या. एवं प्रदू नि. समिति-09/2011...../वि.प.

बिहार विधान परिषद् सचिवालय

प्रेषक,

मिथिलेश कुमार

30 OCT 2026

उप सचिव,

विहार विधान परिषद्,

सेवा में,

1. अपर मुख्य सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग,
2. सचिव,ऊर्जा विभाग ;
3. सचिव,बिहार विद्युत विनयामक अयोग,
4. सदस्य सचिव, बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद्;
5. सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग;
6. विशेष सचिव, पथ निर्माण विभाग;
7. उद्योग निदेशक, उद्योग विभाग,
8. सचिव, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग;
9. सचिव, भवन निर्माण विभाग;
10. सचिव, डेयरी, मत्स्यपालन एवं पशु संसाधन विभाग;
11. सचिव, सहकारिता विभाग;
12. प्रबंध निदेशक, बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम (बुडको);
10. सचिव, कृषि विभाग;
11. सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग;
12. सचिव, ग्रामीण विकास विभाग;
13. सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग;
14. सचिव, स्वास्थ्य विभाग,
15. सचिव,जल संसाधन विभाग,
16. सचिव, परिवहन विभाग,
17. सचिव, खान भूतत्व विभाग,
18. सचिव, पर्यटन विभाग,
19. सचिव, पंचायती राज विभाग,
20. सचिव, लघु जल संसाधन विभाग,
21. क्षेत्रीय अधिकारी, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण

(38)

महोदय/महोदया

निदेशानुसार सूचित करना है कि बिहार विधान परिषद की पर्यावरण एवं प्रदूषण नियंत्रण समिति के [illegible] अध्ययन यात्रा दिनांक 02.11.2026 (सोमवार) से 06.11.2026 (शुक्रवार) तक निर्धारित है। यात्रा के दौरान गया जी, नालन्दा, नवादा, जमुई, बांका एवं भागलपुर जिला में संचालित प्रशाखाओं के आलोक में समीक्षात्मक बैठकें तथा पर्यावरणीय स्थलों का निरीक्षण किया जाना है।

उक्त अध्ययन यात्रा के समापन दिवस पर दिनांक 06.11.2026 (शुक्रवार) को पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 01:00 बजे तक बिहार विधान परिषद् के विस्तारित भवन स्थित समिति कक्ष संख्या एफ-27, पटना में विभागीय प्रमुखों एवं संबंधित पदाधिकारियों के साथ राज्यस्तरीय बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में विभागवार प्रश्नावली तथा समिति के अध्ययन विषयों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया जाएगा।

अतः अनुरोध है कि—

(क) संबंधित विभाग के अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव बैठक में निर्धारित समय पर स्वयं उपस्थित हों।

(ख) संलग्न/प्रेषित विभागीय प्रश्नावली के प्रत्येक बिंदु का तथ्यात्मक, अद्यतन एवं बिंदुवार उत्तर तैयार कर, संबंधित आँकड़ों/अभिलेखों तथा आवश्यक सहायक दस्तावेजों सहित बैठक में उपलब्ध कराया जाए।

(ग) प्रश्नावली के उत्तर में योजनाओं की वर्तमान स्थिति, लक्ष्य एवं उपलब्धि, लंबित कार्य, प्रदूषण नियंत्रण/पर्यावरण संरक्षण से संबंधित कार्रवाई तथा समयबद्ध सुधारात्मक कार्ययोजना का स्पष्ट उल्लेख किया जाए, जहाँ लागू हो।

अतः अनुरोध है कि वांछित प्रतिवेदन के साथ समिति की उक्त बैठक में निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर स्वयं भाग लेने की कृपा की जाए।

विश्वासभाजन,

(मिथिलेश कुमार)
उप सचिव
बिहार विधान परिषद्

संलग्नक : संबंधित विभागीय प्रश्नावली

बिहार विधान परिषद्

पर्यावरण एवं प्रदूषण नियंत्रण समिति

बिहार विधान परिषद् की पर्यावरण एवं प्रदूषण नियंत्रण समिति की दिनांक- 06.11.2026 को 11.00 बजे पूर्वा० में परिषद् सचिवालय के विस्तारित भवन स्थित समिति कक्ष सं० – F-27 में आयोजित होने वाली बैठक की प्रश्नावली

विभाग : 1. भवन निर्माण विभाग

उत्तरदाता / संबंधित प्राधिकारी: सचिव, भवन निर्माण विभाग; अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव, भवन निर्माण विभाग

(क) सरकारी भवनों में वर्षाजल संचयन, ऊर्जा दक्षता एवं निर्माण मलबे के सुरक्षित निस्तारण के प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करने की क्या व्यवस्था है?

(ख) निर्माणाधीन भवनों में धूल नियंत्रण तथा सौर संयंत्र लगाने के लिए आवश्यक संरचनात्मक समन्वय की राज्यस्तरीय व्यवस्था क्या है?

ह०/-

(रवीन्द्र प्रसाद सिंह)

अध्यक्ष

पर्यावरण एवं प्रदूषण नियंत्रण समिति

बिहार विधान परिषद्